# खेल की खास खबरें

## जोकोविच और नडाल विंबलडन में शीर्ष दो वरीयता, सेरेना गैरवरीय



लंदन (एजेंसी)। नोवाक जोकोविच और रफेल नडाल को विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट में शीर्ष दो वरीयता दी गई हैं जिससे ये दोनों स्टार खिलाड़ी इस बार पुरुष एकल ड्रॉ के अलग अलग हाफ में होंगे। विंबलडन के लिए वरीयता की घोषणा मंगलवार को की गई। दानिल मेदवेदव और एलेक्सांद्र ज्वेरेव की गैरमौजूदगी में जोकोविच को शीर्ष वरीयता दी गई है जबकि नडाल दूसरे वरीय हैं। आल इंग्लैंड क्लब ने यूक्रेन पर हमले के कारण रूस और बेलारूस के खिलाड़ियों को प्रतिबंधित किया है जिससे दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मेदवेदेव विंबलडन में नहीं खेल पाएंगे। दूसरे नंबर के खिलाड़ी ज्वेरेव टखने की चोट के कारण बाहर हैं। शीर्ष दो वरीय खिलाड़ी होने के कारण जोकोविच और नडाल फाइनल से पहले आमने सामने नहीं होंगे। महिला एकल ड्रॉ में 23 बार की ग्रैंडस्लैम विजेता सेरेना विलियम्स भी शामिल हैं लेकिन उन्हें कोई वरीयता नहीं दी गई है। टूर्नामेंट का ड्रॉ शुक्रवार को होगा जबकि मुकाबले सोमवार को शुरू होंगे। वर्ष 2021 से पुरुष और महिला एकल में वरीयता विश्व रैंकिंग के आधार पर दी जाती हैं। महिला एकल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी पोलैंड की इगा स्वियातेक को शीर्ष वरीयता दी गई है।

## रामनाथन और भांबरी विंबलडन क्वालीफाइंग के पहले दौर में हारकर बाहर

**लंदन (एजेंसी)।** भारत के रामकुमार रामनाथन और युकी भांबरी विंबलडन टेनिस चैंपियनशिप के क्वालीफाईंग में पुरुष एकल के पहले दौर में हारकर बाहर हो गये। इस तरह से भारतीय खिलाड़ियों का ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के एकल के क्वालीफाईंग चरण में निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा। भांबरी को स्पेन के बर्नाबे जापाटा मिरालेस से 5-7, 1-6 से जबकि रामकुमार को चेक गणराज्य के विट कोप्रिव से 5-7, 4-6 से हार का सामना करना पड़ा। भांबरी ने पहले सेट के शुरू में ब्रेक प्वाइंट लेकर अच्छी शुरुआत की और एक समय वह 5-3 से आगे चल रहे थे। इतनी अच्छी स्थिति में होने के बावजूद भांबरी ने दो सेट प्वाइंट गंवाये और मिरालेस को वापसी का मौका दिया। मिरालेस ने दूसरे सेट में भी अपना यह प्रदर्शन जारी रखा।

### रणजी ट्रॉफी फाइनल आज से बेंगलुरू में

# पहले खिताब के लिए मध्यप्रदेश तैयार, मुंबई से मिलेगी कड़ी चुनौती

**बेंगलुरू (एजेंसी)।**

**41 बार के चैंपियन मुंबई और पहले खिताब की तलाश में जुटी मध्य प्रदेश की टीम के बीच बुधवार से रणजी ट्रॉफी 2022 का फाइनल मैच होना है। फाइनल मैच से पहले मुंबई के एक पूर्व खिलाड़ी ने चुटकी लेते हुए कहा कि कोई भी जीते, शिवाजी पार्क विजेता होगा।**

दरअसल, वह शुरुआती दिनों का जिक्र कर रहे थे कि कैसे मुंबई के दो बेहतरीन खिलाड़ी अमोल मुजुमदार और चंद्रकांत पंडित, जिन्होंने दिवंगत रमाकांत आचरेकर के प्रसिद्ध नर्सरी में अपने कौशल को निखारा। वे दोनों अब कोच के रूप में आमने-सामने हैं। जैसा कि बुधवार से बेंगलुरु में रणजी ट्रॉफी फाइनल में मुंबई और मध्यप्रदेश का मुकाबला होने वाला है। मजुमदार और पंडित केवल विपक्षी टीमों के दो कोच नहीं हैं। मुजुमदार ने पंडित के नेतृत्व में अपने करियर के आखिरी दिनों में बेहतरीन प्रदर्शन किया था।

पंडित कोच के रूप में छह खिताबी जीत का हिस्सा रहे हैं; मुजुमदार अपने पहले सीजन में मुंबई को अपने नेतृत्व में पहला खिताब और कुल 42वां खिताब दिलाने की कोशिश करेंगे। धवल कुलकर्णी को छोड़कर, जो 2015-16 में मुंबई के पिछली खिताबी



जीत का हिस्सा थे, मुंबई के अन्य खिलाड़ियों में से कोई भी रणजी ट्रॉफी नहीं जीता है। मध्यप्रदेश के खेमे में भी पंडित को छोड़कर, जो कप्तान थे, जब मध्य प्रदेश ने आखिरी बार फाइनल में जगह बनाई थी, सभी खिलाड़ी पहली बार फाइनल खेलेंगे। मुंबई के पास प्रतिभाशाली युवा बल्लेबाजी क्रम है, जिसकी कमान पृथ्वी शॉ के हाथों में है, जो इस सीजन शतक नहीं बनाने वाले बड़े नामों में से एकमात्र हैं। यशस्वी जायसवाल ने लगातार तीन शतक जड़े हैं। सुवेद पारकर ने डेब्यू पर ही दोहरा शतक जड़ा और अरमान जाफर और सरफराज खान सेमीफाइनल में बड़ा योगदान देकर आ रहे हैं।

## भारत जो भी कहेगा, वो होगा, विश्व क्रिकेट में है बीसीसीआई का दबदबा : अफरीदी

**नई दिल्ली (एजेंसी)। पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने दावा किया है कि भारत का विश्व क्रिकेट पर बड़ा प्रभाव है और उन्होंने कहा कि इसका कारण देश का खेल में सबसे बड़ा बाजार होना है।**



अफरीदी ने हाल ही में संपन्नम आईपीएल और उसके ढाई महीने के विंडो के बारे में बातचीत की। इसका अंतरराष्ट्री य क्रिकेट या पाकिस्तौन के एफटीपी कार्यक्रम पर कोई प्रभाव नहीं पड़ा। पूर्व पाकिस्ता नी ऑलराउंडर ने कहा कि भारत का इतना दबदबा है कि वो लीग के लिए इतना बड़ा समय निकाल सकता है। उन्होंने कहा कि सभी चीजें बाजार और अर्थव्यलवस्थां के सामने झुक जाती हैं। अफरीदी ने आगे कहा कि भारत इस समय क्रिकेट का सबसे बड़ा बाजार है और वो जो भी कहेंगे, वो होगा।

## चार से पांच सप्ताह में फिट होंगे दीपक चाहर, वाशिंगटन सुंदर

**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारत के टी-20 विशेषज्ञ तेज गेंदबाज दीपक चाहर को हैमस्ट्रिंग (मांसपेशियों में खिंचाव) की चोट से पूरी तरह उबरने में अभी और समय लगेगा। बताया जा रहा है कि दीपक चाहर अगले चार से पांच सप्ताह में पूरी तरह से फिट हो जाएंगे और फिर मैदान पर वापसी कर सकते हैं। वह इस चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 15वें सीजन के पूरे सत्र से बाहर हो गए थे। दीपक चाहर और एक अन्य केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर वाशिंगटन सुंदर हाथ की चोट से उबर रहे हैं। ये दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में टी नटराजन के साथ रिहैबिलिटेशन की प्रक्रिया में हैं। स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर इंग्लैंड की काउंटी टीम लंकाशर का प्रतिनिधित्व करने के लिए इंग्लैंड जाने के लिए तैयार हैं। बीसीसीआई के एक सूत्र ने बताया कि वाशिंगटन पूरी तरह से फिटनेस हासिल करने के करीब हैं और उन्हें लय हासिल करने के लिए मैदान पर समय बिताना होगा।

# लीस्टर में टीम इंडिया के साथ जुड़े हेड कोच द्रविड, खिलाड़ियों को दिया जीत का गुरु मंत्र

**लीस्टर (एजेंसी)।**

**घर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज समाप्त होने के बाद ठीक दो दिन बाद, हेड कोच राहुल द्रविड़ इंग्लैंड सीरीज से पहले लीसेस्टरशायर में भारतीय टेस्ट टीम के साथ जुड़ गए हैं।**

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया को एजबेस्ट में एक जुलाई से इंग्लैंड के साथ टेस्ट मैच खेलना है। दोनों टीमों के बीच यह मैच पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का अंतिम मैच है, जोकि पिछले साल खेला जाना था, लेकिन कोरोना के कारण इसे स्थगित कर दिया गया था। भारतीय टीम फिलहाल सीरीज में 2-1 से आगे है और अगर बर्मिंघम टेस्ट ड्रॉ भी होता है तो टीम इंडिया 2007 के बाद से पहली बार इंग्लैंड की धरती पर टेस्ट सीरीज अपने नाम कर लेगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने द्रविड़ के टीम के साथ जुड़ने की तस्वीरें शेयर की है। कैप्शन में लिखा, देखो यहां कौन है! हेड कोच राहुल द्रविड़ लीसेस्टर में टेस्ट टीम के साथ जुड़ गए हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ निर्णायक टेस्ट से पहले भारतीय टीम लीसेस्टर में 24 जून से एक चारदिवसीय मैच खेलेगी। टीम के साथ जुड़ने के बाद द्रविड़ मैदान पर पहुंचे, जहां उन्होंने प्रैक्टिस कर रहे खिलाड़ियों के साथ बातचीत की और उन्हें जीत का गुरु मंत्र भी दिया। द्रविड़ और कुछ खिलाड़ियों को छोड़कर भारतीय टीम के बाकी सभी खिलाड़ी 16 जून को ही इंग्लैंड के लिए रवाना हो गए थे और टीम ने वहां जाकर अपनी तैयारी भी शुरू कर दी है।

द्रविड़ विकेटकीपर ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर के साथ बाद में इंग्लैंड पहुंचे हैं क्योंकि ये लोग साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच मैचों की टी-20



सीरीज का हिस्सा थे, जोकि हाल में 2-2 से ड्रॉ रही है। भारत के पास इंग्लैंड में न केवल एक ऐतिहासिक सीरीज जीतने का मौका है, बल्कि यह मैच आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल की दौड़ में बने रहने लिए भी बहुत महत्वपूर्ण हो सकता है। इंग्लैंड के हाथों बर्मिंघम टेस्ट हारने पर टीम इंडिया आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप की अंकतालिका में चौथे स्थान पर खिसक सकती है।

## रोहित और कोहली की फैंस के साथ सेल्फी से बीसीसीआई नाराज



इंग्लैंड पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद ही टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा और पूर्व कप्तान विराट कोहली की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें वे दोनों इंग्लैंड में घूम रहे हैं और फैंस के साथ सेल्फी भी ले रहे हैं। रोहित और विराट की इस हरकत से अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) काफी नाराज है। इंग्लैंड में कोरोना के मामले बढ़ने के बाद बोर्ड नहीं चाहता है कि खिलाड़ियों को किसी तरह की परेशानी का सामना करना पड़े। रोहित और विराट की इस गलती के बाद बीसीसीआई अब हरकत में आ गया है और बोर्ड से जल्द ही दोनों दिग्गजों को चेतावनी मिलने वाली है। रोहित शर्मा और विराट कोहली ने पिछले हफ्ते ही लीसेस्टर और लंदन में फैंस के साथ सेल्फी ली थी, जहां भारतीय टीम लीसेस्टरशायर काउंटी क्रिकेट क्लब के खिलाफ अभ्यास मैच की तैयारी कर रही है। ऐसी भी खबरें आई थी कि रोहित और विराट ने बिना मास्क पहने ही शॉपिंग भी की थी। बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धुमल ने खिलाड़ियों की इस हरकत को गंभीरता से लेते हुए उन्हें ऐसा न करने की चेतावनी दी है। धुमल ने इनसाइडस्पोटर्स से कहा, इंग्लैंड में कोरोना का खतरा कम होने के बावजूद खिलाड़ियों को अधिक सावधान रहना चाहिए। हम टीम को थोड़ा सावधान रहने के लिए कहेंगे। ब्रिटेन में अभी भी कोविड-19 के मामले बहुत अधिक है। देश में हर दिन 10,000 से अधिक नए मामले सामने आ रहे हैं। रोहित और विराट की ये गलती उसे पांच दिन तक आइसोलेशन में डाल सकता है और वे एजबेस्टन टेस्ट से बाहर भी हो सकते हैं।



# खास खबरें

## विशेषज्ञों ने बच्चों के लिए मानसून से पहले फ्लू के टीके की सिफारिश की

**भोपाल।** इंडियन एकेडमी ऑफ पेडियाट्रिक्स (आईएपी) और विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 6 माह से लेकर 5 साल तक के बच्चों के लिए जुकाम/फ्लू के टीके वार्षिक टीके की सिफारिश की है। बच्चों को पूरे साल फ्लू का जोखिम बना रहता है और सर्दियों और मानसून से पहले यह आशंका अधिक हो जाती है। वैक्सीन लेने के बाद एंटीबॉडी बनने में 2 सप्ताह लग जाते हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चों में फ्लू की बहुत आशंका तो रहती है ही साथ ही वे दूसरों को यह बीमारी फैला सकते हैं। फ्लू वैक्सीन की जरूरत के बारे में डॉ विनोद जैन, निदेशक अनुश्री अस्पताल ने कहा, फ्लू एक वायरल इंफेक्शन है और यह एक से दूसरे व्यक्ति में तेजी से फैलता है। छोटे बच्चों को यह तेजी से पकड़ लेता है और इससे उन्हें स्वास्थ्य की दूसरी समस्याएं भी हो सकती हैं। ऐसे में यह सलाह दी जाती है कि 6 माह से लेकर 5 साल तक के बच्चों को फ्लू का वैक्सीन हर साल लगाया जाना चाहिए। फ्लू इन्फ्लूएंजा वायरस की वजह से होता है। इससे नाक, गला, और फेफड़े प्रभावित होते हैं। इस सामान्य लक्षणों में बुखार होना (वैसे जरूरी नहीं कि हर किसी को बुखार हो), खांसी, ठंड लगना, गला में खराश, मांसपेशी में दर्द और थकावट शामिल है।

# अर्थव्यवस्था में सुस्त वृद्धि की आशंका महंगाईपर काबू पाने में मिलेगी मदद

### वित्त मंत्रालय ने कहा-जीडीपी को पटरी पर लाने का लगातार प्रयास

**नई दिल्ली**

**वैश्विक जीडीपी की तरह भारतीय अर्थव्यवस्था की रफ्तार सुस्त होने की आशंका है। हालांकि, महंगाई पर काबू पाने में मदद मिलेगी। वित्त मंत्रालय ने सोमवार कहा कि देश के सामने निकट भविष्य में वृद्धि को बनाए रखना, राजकोषीय घाटे का प्रबंधन, महंगाई और चालू खाता घाटे को काबू में करने की चुनौतियां हैं। हालांकि, भारत अन्य देशों के मुकाबले इन चुनौतियों से निपटने को लेकर बेहतर स्थिति में है।**

मंत्रालय ने मासिक आर्थिक समीक्षा में कहा, विकासशील देश ऐसी ही चुनौतियों से जूझ रहे हैं।भारत उनमें बेहतर स्थिति में है। इसकी वजह वित्तीय क्षेत्र में स्थिरता और कोविड टीकाकरण की सफलता है। अर्थव्यवस्था 2021-22



में कोरोना पूर्व स्तर से बाहर आ गई। पिछले वित्त वर्ष में वास्तविक जीडीपी की वृद्धि दर 8.7 प्रतिशत रही, जो 2019-20 से 1.5प्रतिशत अधिक है। भारत की वृद्धि संभावना मजबूत है। मौजूदा दशक की बची अवधि में पूंजी निर्माण और रोजगार सृजन में तेजी की उम्मीद है।

डीजल-पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क में कटौती के बाद राजकोषीय और चालू खाते का घाटा बढ़ने की आशंका है।इससे महंगे आयात का प्रभाव बढ़ेगा और रुपये के मूल्य में कमी आएगी।

रुपये के मूल्य में गिरावट का जोखिम तब तक है, जब तक विकसित देशों में महंगाई को नियंत्रित करने के लिएनीतिगत दर बढ़ने की चिंता से एफपीआई पूंजी निकासी करते रहते हैं।

**दुनिया के मुकाबले उच्च महंगाईका जोखिम कम**-रिपोर्ट के मुताबिक, महंगे आयात के कारणभारत में खुदरा महंगाईउच्च स्तर पर बनी हुईहै।गर्मी ज्यादा रहने से भी घरेलू बाजार में खाद्य पदार्थों के दाम बढ़े हैं। हालांकि, आने वाले समय में कच्चे तेल के दाम में कमी आ सकती है। दुनिया में निम्न आर्थिक वृद्धि दर के साथ उच्च महंगाई की आशंका है, लेकिन भारत में इसका जोखिम कम है।आरबीआई की मई, 2022 की मौद्रिक नीति पर मंत्रालय ने कहा, महंगाई को काबू में करने के लिए रेपो दर बढ़ाई गईहै। केंद्रीय बैंक ने बैंकों में उपलब्ध अतिरिक्त नकदी को वापस लेने के लिए भी कदम उठाया है।

## अमेजन ने फाइट द फ्रॉड पहल लॉन्च की

**भोपाल।** ऑनलाइन धोखाधड़ी के बढ़ते मामलों के प्रति जागरूकता फैलाने के लिएए अमेजन इंडिया ने आज अपनी तरह की अनोखी उपभोक्ता जागरूकता पहल फाइट द फ्रॉड को लॉन्च करने की घोषणा की है। अमेजन ने साइबर पीस फाउंडेशन और भारत सरकार के गृहमंत्रालय के तत्वाधान में राष्ट्रीय महत्व के संस्थानए राष्ट्रीय रक्षा यूनिवर्सिटी से नॉलेज पार्टनर के रूप में साझेदारी कर यह पहल आरंभ की है। इस पहल का लक्ष्य बढ़ते साइबर क्राइम और ऑनलाइन घोटालों के खिलाफ कई तरह की गतिविधियों के माध्यीम से उपभोक्ताओं में सामूहिक रूप से जागरूकता विकसित करना है। इस पहल के तहत वेबिनारए सोशल मीडिया जागरूकता अभियानए क्षमता बढ़ाने वाली कार्यशालाओं के साथ कई अन्य तरीके से लोगों को साइबर क्राइम के बढ़ते खतरे के खिलाफजागरूक किया जाएगा।

## 200 से ज्यादा हवाई जहाज खरीदने पर विचार कर रही एयर इंडिया

**दोहा**

**टाटा समूह के स्वामित्व वाली एयर इंडिया 200 से अधिक नए विमान खरीदने पर विचार कर रही है। जिन विमानों को खरीदा जाना है, उनमें से 70 प्रतिशत नैरो बाडी वाले होंगे।**

इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन की 78वीं वार्षिक आम बैठक से इतर विमानन उद्योग के सूत्रों के मुताबिक चौड़ी बाडी वाले विमानों के लिए कंपनी ने एयरबस के ए350 का चयन कर लिया है, जबकि नैरो बाडी विमानों के लिए एयरबस और बोइंग के साथ उसकी बातचीत चल रही है। एयरबस ए350 जैसे चौड़ी बाडी वाले विमान में एक बड़ा ईधन टैंक होता है। एक बार इस टैंक को पूरा भरने के बाद विमान भारत से अमेरिका की यात्रा बिना रुके पूरी कर सकता है। एयर इंडिया ने 2006 के बाद से एक भी विमान नहीं खरीदा है। उस समय उसने 111 विमान खरीदने का आर्डर दिया था। 68 विमान अमेरिका स्थित विमान निर्माता बोइंग से खरीदे गए थे और 43 विमान यूरोपीय विमान निर्माता कंपनी एयरबस से खरीदे गए थे।

## कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेड ने सेबी में डीआरएचपी किया दाखिल

**भोपाल।** कीस्टोन रियल्टर्स लिमिटेडए जो रुस्तमजी ब्रांड के बैनर तले परिचालन करने वाला रियल इस्टेट डेवलपर हैएने बाजार नियाम भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड सेबी यहाँ अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस डीआरएचपी दाखिल किया है। कीस्टोन रियल्टर्स उन सूक्ष्म बाजारों के प्रमुख रियल एस्टेट डेवलपर्स इकाइयों की संख्या में एब्जॉर्प्शन की दृष्टि से में से एक हैए जिनमें वे मौजूद हैं स्रोत एनारॉक रिपोर्ट। 1995 में अपनी स्थापना के बाद से उन्होंने ग्राहकों की संतुष्टि पर केंद्रित ब्रांड बनाने कम्यूनिटीज का निर्माण करने और अपने ग्राहकों के लिए बेहतर जीवन शैली वाले स्थान विकसित करने का प्रयास किया है।

**स्पेशल खबर** *उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में भारत में बीमा खरीदने के लिए लोन की सुविधा नहीं है।*

# प्रीमियम भरने की प्रक्रिया को आसान बना देगी इरडा की ये योजना!

**नई दिल्ली**

**बीमा नियामक इरडा ने हाल के समय में बीमा की पहुंच आसान बनाने के लिए कई सुधार किए हैं। अब नई तैयारी के तहत इरडा बीमा पॉलिसी का प्रीमियम भरने के लिए कर्ज की सुविधा मुहैया कराने की योजना पर काम कर रहा है। नियामक का इरादा कर्ज के जरिये प्रीमियम भरने की सुविधा देकर पॉलिसी बीच में खत्म होने से बचाना और आम लोगों को उसका सही फायदा पहुंचाना है।**

बीमा नियामक ने इसके मद्देनजर मसौदा प्रस्ताव जारी किया है। इसके




तहत इरडा की तैयारी है कि बीमा खरीदने के लिए रिटेल यानी व्यक्तिगत और कॉरपोरेट यानी कंपनियों की ओर से कर्मचारियों को मिलने वाली बीमा सुविधा के लिए ग्राहकों को कर्ज की सुविधा मिले। इरडा का मकसद है कि दोनों प्रकार के ग्राहक प्रीमियम भरने के लिए कर्ज ले सकें और धीरे-धीरे उसकी किस्तें भर दें। इसस उनके ऊपर एक ही बार में प्रीमियम की बड़ी रकम का भुगतान करने का बोझ नहीं आएगा। इस मामले से जुड़े सूत्रों का कहना है कि इसके लिए बीमा अधिनियम कानून में जरूरी बदलाव के लिए इस प्रस्ताव पर सरकार को सहमत करना भी जरूरी होगा। हालांकि, बीमा नियामक इरडा फिलहाल तमाम विकल्पों, जरूरी संशोधन आदि के बारे में विचार कर है।

उल्लेखनीय है कि मौजूदा समय में भारत में बीमा खरीदने के लिए लोन की सुविधा नहीं है। जबकि अमेरिका और यूरोप समेत कई अन्य देशों में यह सुविधा पहले से उपलब्ध है। भारत में पीएफ खाते से कुछ खास शर्तों के साथ केवल एलआईसी का प्रीमियम भरने की छूट है। आईसीआईसीआई लोम्बार्ड के चीफ अंडराइटिंग एवं क्लेम संजय दत्ता का कहना है कि यह व्यवस्था लागू होने से इंश्योरेंस को रीन्यू नहीं कराने के मामलों में कमी आएगी जिससे बीमाधारकों को पॉलिसी का पूरा लाभ मिल सकेगा। इसके अलावा कम आमदनी वाले लोगों को भी बीमा पॉलिसी लेने में सुविधा होगी।

# अपकमिंग ब्रेज़ा की बुकिंग हुई शुरू, कई नए फीचर्स के साथ होने वाली है लॉन्च

**नई दिल्ली**

**मारूति ने अपनी नई ब्रेज़ा के लॉन्चिंग की पूरी तैयारी कर ली है। कंपनी ने इसे 30 जून, 2022 को लॉन्च करने का निर्णय लिया है। इसके साथ ही इसकी बुकिंग भी शुरू हो चुकी है। आप इसे 11,000 टोकन मनी देकर लॉन्च कर सकते हैं।**

आपको बता दें कि नई ब्रेज़ा को कई नई अपडेट्स के साथ लाया जा रहा है और उम्मीद है कि पेट्रोल इंजन विकल्प के




साथ इसे सीएनजी विकल्प में भी लाया जा सकता है। तो चलिए इसमें मिलने वाले फीचर्स के बारे में जानते हैं।

**मिलने वाला है नया नाम** - नए अपडेट्स के रूप में सबसे पहला बदलाव इसके नाम के साथ ही किया गया है। इसके नाम से विटारा शब्द को हटा दिया गया है और अब यह आगामी एसयूवी सिर्फ ब्रेजा नाम के साथ आएगी।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01,-03, फैक्स नं.- 0755-2553914 e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) रजिस्टर्ड नं.म.प्र./296/भोपाल/2012-2014 आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, डाक पंजीयन क्र. म.प्र./भोपाल/296/2015-2017